फतेहगढ़ पुलिस

अमरेश दर्पण

महिला सशक्तिकरण पर महिला कांस्टेबलों ने दिया जोर

अमरेश दर्पण / नवनीत सैनी

फर्रुखाबाद शमसाबाद महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिला कांस्टेबलों ने क्षेत्र में विभिनन्‍ स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय बताते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। महिला कांस्टेबल डोली ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय सतर्कता से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर भी सीखने चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वह अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। वहीं दूसरी महिला कांस्टेबल ममता ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने जागरूकता अभियान की सराहना की।

मीडिया सेल फतेहगढ़